गांव रजवास में ऋषभदेव मण्डल विधान अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। दिगम्बर जैन समाज रजवास के तत्वावधान में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रजवास के प्रांगण में गाजे बाजे से ऋषभदेव मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि विधान की शुरुआत कुलदीप कुमार, मुकेश कुमार एवं अशोक जैन सहित श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

इस दौरान पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में एवं मंत्रोच्चार द्वारा सोधर्म इन्द्र सहित सभी इन्द्र इन्द्राणियो ने क्षीरसागर के जल से चारों दिशाओं में भगवान आदिनाथ की शांतिधारा एवं अभिषेक किए गए। उन्होंने बताया कि ऋषभदेव मण्डल विधान में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सुरेश कुमार, नितिन कुमार, रवि कुमार छाबड़ा को मिला। यज्ञनायक इंद्र बनने का सौभाग्य अमोलक चंद, अशोक कुमार, सुशील कुमार गंगवाल को मिला। कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य विमल चंद, योगेश कुमार, रोहित कुमार छाबड़ा को एवं ईशान इंद्र बनने का सौभाग्य राजेंद्र कुमार, त्रिलोक चंद, सुशील कुमार बाकलीवाल को तथा सानत कुमार इंद्र बनने का सौभाग्य अभिषेक कुमार, हिमांशु, अवि कुमार छाबड़ा को प्राप्त हुआ। विधानाचार्य सुरेशकुमार शास्त्री के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने सामुहिक अभिषेक किए। उन्होंने बताया कि विधान मण्डप पर पांच मंगल कलश की स्थापना की गई जिसमें ऋषभदेव मण्डल विधान की रचना की। विधान में सर्व प्रथम आचार्य निमन्त्रण करके भगवान ऋषभदेव को गाजे बाजे के साथ सुमेरु पर्वत पर विराजमान किया। इस दौरान दिव्य ध्वनि से इन्द्र इन्द्राणियो ने भूमि शुद्धि की। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान में संगीतकार गायक विमल जौंला और विमल पहाड़ी ने भगवान ऋषभदेव पर भजनों की प्रस्तुतियां दी। विधान में नव देवता पूजा आदिनाथ पूजा के साथ ऋषभदेव मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की। विधान में सोधर्म इन्द्र सहित सभी पूजार्थियो ने 177 श्री फल अर्ध्य समर्पित किए। इस दौरान समाज द्वारा सभी ने ऋषभदेव भगवान का पालना झूलाया।

दिगम्बर जैन समाज रजवास के कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी।

■ दिगम्बर जैन समाज रजवास के तत्वावधान में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रजवास के प्रांगण में गाजे बाजे से ऋषभदेव मण्डल विधान का आयोजन किया गया

कांग्रेस कार्यकारणी का विस्तार किया

पीपलू। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष श्रीराज चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ब्लॉक अध्यक्ष जय नारायण मीणा के निर्देशानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया है। श्री राज चौधरी ने बताया कि संगठन महामंत्री पद पर कन्हैयालाल सांखला, उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर टेलर, बजरंग लाल मीणा ,शंकर लाल जाट, शिवराज बैरवा, शंकर गुर्जर, लड्डू लाल गुर्जर, श्योराज जाट, घासी प्रजापत, महासचिव राकेश सैनी रामकल्याण जाट, श्योजीलाल जाट, सीताराम मीणा, राजेश बैरवा, अब्दुल सत्तार ,रामलाल माली, भंवर लाल बैरवा ,राजाराम खारोल, शंभू सिंह, कोषाध्यक्ष सीताराम मीणा, सचिव हनुमान मोरी, रामेश्वर चौधरी, हंसराज मीणा ,देवी शंकर नायक, प्रहलाद मीणा, कस्तूर बैरवा, भंवरलाल जाट, लक्ष्मण गुर्जर, विष्णु खंगार, रामजस चौधरी, प्रवक्ता हेमराज जाट, रामजीलाल मीणा, कार्यकारिणी सदस्य भेरू सिंह लोधी, देवकिशन गुर्जर, राजाराम मीणा, हेमराज बैरवा, रामफूल मीणा, पन्नालाल बैरवा, जगदीश मीणा, रामराज गुर्जर को मनोनीत किया है। सभी पदाधिकारी को संगठन की मजबूती को लेकर सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

तीये की बैठक

मोहनलाल जी पुत्र स्व. कपूरचन्द जी जैन का निधन 24-3-2025 को हो गया है। तीये की बैठक 26-03-2025 को 9:30 से 10:30 तक, गोड़ धर्मशाला, शिवाजी पार्क रोड निवाई, पर होगी, (यह अन्तिम बैठक होगी) पगडी का दस्तूर दोपहर 1 बजे स्वनिवास- ईन्द्रा कालोनी पर होगा।

शोकाकुलः- मनोरमा देवी (धर्मपत्नी) पवन- नीतू सांवलिया, अजय- ज्योती (पुत्र- पुत्रवधु) आदित्य, रिषभ, दक्ष (पौत्र) क्षितिज (दोहिता) गर्विता (दोहिति) पदमचन्द, प्रेमचन्द, कन्हैयालाल, सत्यनारायण, पारसमल, धर्मचन्द, राजेश, त्रिलोक, सुरेश, गौरव समस्त जिंदल परिवार। ससुरालपक्षः- केलाशचन्द जी, विमल कुमार जी नैनवां वाले जयपुर। सुमित्रा- सी.एल. जैन (बहन- बहनोई) स्व. मीनी- महावीर जी (पुत्री- दामाद) महेश, विष्णु (भांजे) . 8005714262

अध्यक्ष बनाने को लेकर विचार विमर्श शुरू

देवली । इन दोनों फिर से शहर में नवीन स्तर पर श्री व्यापार महासंघ का गठन,सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। अभी हाल ही में शहर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष चांदमल जैन के दिवंगत होने के पश्चात फिर से 20 मार्च को बुलाई गई था। उक्त बैठक में श्री व्यापार संघ हेतु नए अध्यक्ष पद के लिए फिलहाल आम सहमति नहीं बन पाई है। इसको लेकर शहर के व्यापारियों ने मंगलवार को बैठक बुलाई जिसमें सर्वसम्मति से नए व्यापार महासंघ के गठन का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात शहर के व्यापारियों ने नए महासंघ श्री व्यापार मंडल का गठन करने का निर्णय लेकर सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। श्री व्यापार महासंघ से जुड़े दिनेश जैन ने बताया कि श्री व्यापार महा संगठन का निर्णय लेने के पश्चात शुरू किए गए सदस्यता अभियान में प्रथम दिन ही लगभग 115 व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की है।

निंबार्क संत आश्रम नायला में भक्ति रस की वही बयार

जयपुर । श्रीमद् भागवत कथा में रास पंचाध्यायी, उद्धव चरित्र और ठाकुर जी के रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। जयपुर के निकट नायला के बूज रोड स्थित रामजीपुरा स्थित निंबार्क संत आश्रम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को रास पंचाध्यायी, उद्धव चरित्र और ठाकुर जी के रुक्मणी जी के साथ विवाह का प्रसंग सुन श्रोता भक्तिरस से सराबोर होकर भजनों की सुमधुर धुनों पर नाचते रहे।

साथ ही कथा व्यास डॉक्टर अशोक शास्त्री ने गोपी गीत का भी सुंदर वर्णन किया। आश्रम महंत मामा महाराज श्रीसर्वेश्वर शरण दास के सानिध्य में चल रहे अनंत श्री विभूषित शुकदेव दास महाराज के एकादश स्मृति महोत्सव में श्रीधाम वृंदावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों से आए संत महंतों के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्यश्री ने बताया कि रासलीला एक पवित्र चरित्र है, जहां प्रस्थान करने से पूर्व अपने हृदय और चरित्र को पवित्र करना होता है। उन्होंने बताया कि ठाकुर जी ने रुक्मणी जी के विवाह के साथ ही 16 हजार 108 विवाह क्यों किये। आचार्यश्री ने कहा कि ठाकुरजी ने यह विवाह स्वयं की इच्छा से नहीं किये, बल्कि विभिन्न कारणों से उस समय शोषित और पीड़ित महिलाओं के उद्धार के लिए उनके पूर्व जन्म में किए गए कर्मों का फल प्रदान करने के लिए उन्हें अपनाया आचार्यश्री ने कहा इसीलिए कहा जाता है कि हमारे ठाकुर जी ऐसे हैं जो कि जिसे कोई नहीं अपनाता है उसे भी सहर्ष अपना लेते हैं।कथा स्थल पर चल रही रासलीला में आचार्यश्री के सुपुत्र श्यामेश जी ने बताया कि हर व्यक्ति अपनी किसी न किसी इच्छा को लेकर भागवत कार्य करता है, लेकिन इसके बावजूद हमारी श्यामा जू, गिरिराज जी और भोलेनाथ ऐसे भक्त वत्सल हैं जो भक्तों की सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के साथ-साथ उन्हें भगवत प्राप्ति भी सहज रूप से कराते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को कथा की पूर्णाहुति होगी जिसमें संपूर्ण कथा का सर श्रोताओं को सुनाया जाएगा।

कथा व्यास डॉक्टर अशोक शास्त्री

■ श्रीमद् भागवत कथा में रास पंचाध्यायी, उद्धव चरित्र और ठाकुर जी का हुआ रुक्मणी से विवाह

घरों में ईसर-गणगौर का निकाला बिंदौरा

निवाई । ज्यों-ज्यों गणगौर का पर्व नजदीक आता जा रहा हैं त्यों-त्यों पूजन करने वाली नवविवाहिताओं तथा कुंवारी कन्याओं में उत्साह बढता जा रहा है। गणगौर पूजन के उपलक्ष में महिलाएं घरों में ईसर गणगौर का बिंदौरा निकालने की परम्परा का निर्वहन कर रही है।

राजस्थानी संस्कृति को गौरवमय बनाते इस पर्व पर भी आधुनिकता हावी रही है लेकिन परंपरा का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। महिलाएं प्रतिदिन शिव पार्वती स्वरूप इसर गणगौर की प्रतिमाओं की आस्था से पूजा कर रही है। शाम को महिलाएं व कन्याएं गणगौर के गीत गाती हुई मंदिरों और घरों में पहुंच रही हैं। दीनदयाल कॉलोनी में भावना खंडेलवाल, संतोष खंडेलवाल, कंचन खंडेलवाल, कनिका बढाया, शिप्रा जैन, नीलम जैन व आशा सोनी सहित कई महिलाओं ने ईसर-गणगौर का स्वांग रचाकर बिंदौरा निकाला।

इस दौरान पूजन करने वाले स्थान तक बिंदौरा पहुंचा। जहां नाच गाना भी किया जा रहा है। गणगौर के पारपंरिक लोकगीत गूंज रहे हैं। इस दौरान म्हारा बाबाजी के माण्ड्यो गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो, ल्यायोजी-ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकडो तथा बिंदौड़ा में खुशी से झूमते हुए ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां सरीखे सहित कई गीत गाए गए। विवाहिताओं द्वारा गणगौर का अंजूणा किया जाता है। जिसमें मातृ शक्तियों को आदर के साथ सुहाग व शृंगार की वस्तुएं भेंट देकर जलपान करवाया जाता है। पूजन करने वाली महिलाओं ने बताया कि उत्साह के साथ गणगौर उत्सव मनाया जा रहा है। बालिकाओं को दूल्हा-दुल्हन बनाकर और गणगौर को सजाकर के ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाला गया।

■ गणगौर का पावन पर्व पर महिलाओं में भारी उत्साह

एन.एस.एस. का विशेष शिविर का शुभारंभ

निवाई। कृषि महाविद्यालय झिलाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरएस मीणा ने बताया कि शिविर में कृषि स्नातक के 50 स्वयंसेवक स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियानो के माध्यम से ग्रामीण परिवेश का अध्ययन करेंगे साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का अध्ययन कर उनका समाधान करने के उपायों को भी ढूंढेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी आकाश तंवर ने बताया कि यह विशेष शिविर स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। शिविर के माध्यम से स्वंसेवक कैंपस से कम्युनिटी को जोड़ते हैं जो कि राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। यह विशेष शिविर स्वयंसेवकों के अन्दर पर्यावरण संरक्षण, आपसी सहयोग, सौहार्द व भाईचारे को बढ़ाने का कार्य करता है, साथ ही स्वयंसेवकों की क्षमता का विकास करके उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करना भी सिखाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ ओपी मीणा, सहायक प्रोफेसर डॉ कृष्णावतार मीणा, डॉ पीसी बैरवा, डॉ भगवान सिंह धाकड़, डॉ राजेश एवं अशैक्षिणक कर्मचारी रमेश गौतम, रामलाल मीणा, सुनीता जाजोरिया, मनीष शर्मा, पाराश माली, श्योजीराम, सुनील कुमार, तरुण, सतपाल आत्माराम, चंद्र प्रकाश, दिनेश एवं गौरव सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

■ कृषि स्नातक के 50 स्वयंसेवक स्वच्छता आदि का अध्ययन करेंगे

किसानों को मशरूम की खेती के लिए प्रेरित किया, बताए फायदे

किशनगढ़ बास। गांव मांचा में स्थित जी एल एम कृषि महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन मंगलवार को किसानों के लिए 'मशरूम की खेती' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मशरूम की खेती की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराकर उनकी आय बढ़ाने में सहायता करना था।

कॉलेज प्रचार्या डॉ कुमारी आशा ने बताया कि मंगलवार को सात दिवसीय शिविर के तहत प्रशिक्षण सत्र के दौरान कॉलेज के छात्रों ने मशरूम की खेती की विधियां, उसकी पोषण आवश्यकताएं, रोग प्रबंधन एवं विपणन संबंधी जानकारी किसानों के साथ साझा की। शिविर में किसानों को बताया गया कि कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली मशरूम की यह खेती किस प्रकार पारंपरिक खेती का एक अच्छा विकल्प बन सकती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आस पास के गांवों से किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कृषि कॉलेज में अध्ययन कर रहे छात्रों से अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान किसानों और छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें किसानों की शंकाओं का समाधान किया गया। कॉलेज प्राचार्या ने बताया कि एनएसएस शिविर के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया, बल्कि छात्रों को भी समाज सेवा और व्यावहारिक शिक्षा का अनुभव प्रदान किया। इससे पहले शिविर के तहत कॉलेज विद्यार्थियों ने बढ़ते नशे व मोबाइल की लत को दूर करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। तथा गांव मांचा में स्वच्छता के तहत सफाई कर ग्रामीणों को गांव को साफ सुथरा रखने व खुले में कचरा नहीं पटकने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमार, सनोज कुमार, संदीप निगानिया , धर्मेंद्र कुमार, कन्हैया कुमार, गुरदीप बारी, सीमा कुमारी सहित सभी शिक्षक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

किशनगढ़ बास के गांव मांचा में स्थित जीएलएम कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया।

■ किशनगढ़ बास के गांव मांचा में स्थित जीएलएम कृषि महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत हुआ कृषि पर आधारित कर्यक्रम

संख्यांक 2
विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय ADJ10 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर
अनिल विरूद्ध भगवान सहाय
वाद बाबत संविदा की विशिष्ट अनुपालना एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 72सन् 2025
नम भगवान सहाय पुत्र श्री सूवालाल जाति...स्थान ई-15, रामजीपुरा हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, लाल बहादुरनगर यूनिट-4, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) ...ने आपके विरूद्ध नकल के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 09 माह 04 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या ना हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 24 माह 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम संख्या-10, जयपुर महानगर-प्रथम, सांगानेर

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय ADJ10 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर
अनिल विरूद्ध भगवान सहाय
वाद/प्रार्थना पत्र बाबत अस्थायी निषेधाज्ञा
प्रार्थना पत्र संख्या 47सन् 2025
नाम भगवान सहाय पुत्र श्री सूवालाल जाति...स्थान ई-15, रामजीपुरा हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, लाल बहादुरनगर यूनिट-4, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.)
उक्त ...ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि-
अतः आपको चतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 09 माह 04 सन् 2025 को 10.00 पूर्वान्ह मे स्वयं या अपने प्लोडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 24 माह 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम संख्या-10, जयपुर महानगर-प्रथम, सांगानेर

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भूल सुधार
25.03.2025 में प्रकाशित RTE विज्ञापन SSB ब्लाक मालाखेडा के स्थान पर SSP ब्लाक मालाखेडा जिला अलवर पढा जाए।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रमेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासी सी-29, जानकी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर का है। मेरे अभिभाष्य एवं लालचन्द बालानी ने अशोक पुत्र श्री जग्गुमल, निवासी तालकटोरा के सामने, केवर नगर, जयपुर से प्लाट नम्बर 84, क्षेत्रफल 315 वर्गगज जरिये दिनांक 22.09.2012 को खरीद किया गया था। उक्त प्लाट नंबर 84 का अविभाजित आधा हिस्सा मेरे अभिभाष्य का हैं इसलिए कोई भी व्यक्ति संस्था उक्त प्लाट की खरीद करोख्त नहीं करे अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
जयपुर (श्रीकांत दाधीच) एडवोकेट
दिनांक-25.03.2025 मो. 9413120220

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जे.डी.ए. की नाहरी का नाका योजना मे प्लाट नम्बर 1-सी-75 गुर्जर बस्ती शास्त्री नगर जयपुर 302016 की पॉवर आफ अर्टनी जो श्री गोपाल लाल भटट पुत्र श्री हरीनारायण जी भटट के नाम से थी जिसका रजिस्टर्ड नम्बर 2313 बुक संख्या 4 है जो खो गई है जिसकी रिपोर्ट एल आर नम्बर 2669561 / 2025 दर्ज करा दी गई है। उक्त सम्पति के सम्बंध में भानु प्रताप सैन पुत्र ललित कुमार सैन ने एस. बी. आई. मे लोन हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो प्रकाशन तिथी से 3 दिवस मे सम्पर्क करे।
(R.K. Jain) Advocate
भानु प्रताप सैन 8947941890

आम सूचना
मैं प्लॉट न 232A, योजना विस्तार ऑफिसर्स कैंपस, सिरसी रोड, जयपुर, जिसका क्षेत्रफल 425 (45"*85') वर्ग गज है, उसे सुभाष कोठारी पुत्र स्वर्गीय रामसुख कोठारी एवं विभूति कोठारी पत्नि सुभाष कोठारी से खरीद रहा हूं। किसी को भी आपत्ति हो तो अगले 7 दिन में मुझसे संपर्क करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जाएगी। धन्यवाद। Umesh S Gautam पुत्र स्वर्गीय Shri S. K. Gautam- Mob: 8287451366

नाम परिवर्तन
मैंने मेरा नाम शाईस्ता (Shaeesta) पुत्री फखरूद्दीन (Fakhurddin) से बदलकर शाईस्ता (Shaista) पुत्री फकरूद्दीन रख लिया है भविष्य में मुझे शाईस्ता (Shaista) पुत्री फकरूद्दीन (Fakruddin) के नाम से जाना जावे पता-1546 पन्नीगरान सुभाष चौक जयपुर राजस्थान

मैंने अपना नाम महेश कुमार गंगाधर चंदनकर से बदलकर महेश जी चंदनकर कर लिया है, ताकि भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। फ्लेट नंबर एल-215 ब्लॉक बी-2, आशियाना दक्ष, ग्राम श्रीकिशनपुरा, जीवन रेखा अस्पताल के पास महल रोड, जगतपुरा, जयपुर

मैंने मेरे पिता एवं माता का नाम मेरे शैक्षणिक एवं पहचान दस्तावेज के आधार पर श्री अख्तर बैग एवं श्रीमति नगमा बैग से बदलकर मोहम्मद अख्तर बैग एवं नगमा बेगम रख लिया है। भविष्य में मेरे पिता माता को उपरोक्त नाम से ही जाना जावें। मोहम्मद अनस बैग पता-ए-99 सुमेर करन जी का रास्ता, बाबु का टीबा, जयपुर राजस्थान

मैं आर्मी नम्बर 3205527एल हवलदार चतरा राम यूनिट-5 जाट बटालियन में मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम बिमला भांमू (Bimla Bhamu) गलती से दर्ज हो गया जिबकि उसका सही नाम बिमला लोछव (Bimla Lochhab) है।

मैं आर्मी नम्बर JC-493526K नायब सूबेदार मोहनाराम यूनिट-5 जाट बटालियन में मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम कमला गोदारा (Kamla Godara) गलती से दर्ज हो गया जबकि उसका सही नाम कमला देवी (Kamla Devi) है।

I have changed my name from Santosh Sarda to Santosh Devi Sarda for all purpose. R/o D-304 GHP Indralok shiv marg banipark Jaipur (Raj.)

I jc no 471186M Ex subedar (clk) jaipal singh S/O late bhagwan singh R/O plot 53 A defence colony nathu ji thadi niwaru road jhotwara jaipur that have changed my daughter name in my service record from KUMARI KAJAL To NISHA KANWAR (DOB 10 nov 1991) and from KHUSHABU KANWAR TO KHUSHBU KANWAR (28 jun 1996) vide affidavit dated 24 march 25 before district notary Jaipur

I have changed my name from Khursheed Kureshi to Mohammed Khursheed Qureshi for all purposes R/o 166/41 Sarvar Guest House gali Kaatan bawri Ander Kot Ajmer (Raj.)

For Sale/eAuction: Damage Parts of Pilling Ridgue Machine (Kelly - 01 Nos (8500 Kg), Plunger Motor -2 Nos (75 Kg.) and Reducer X_310ML2 25.4FZ SF H0CE T S031A. - 1 Nos (10 Kg.) Lying at Mokhampura, Rajasthan-303338. Contact Person for Physical Inspection Mr. Abhinav- 8769383347 Last Date For Inspection & EMD Deposit 02.04.2025 & Date Of E-auction-03.04.2025 (3PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta-9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever There Is' And'No Complaint' Basis).
For More Details:
Support@Salvagemanagers.Com
www.Salvagemanagers.Com

खोया पाया
मित्र ग्रह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर की योजना अन्नू वाटिका प्लॉट नंबर 10 का ओरिजिनल सोसाइटी पट्टा और साइड प्लान एवं रशीद कही गिर गए है मिलने पर संपर्क करें- 9314516319 नाम प्रभु शर्मा पुत्र श्री हज़ारी लाल शर्मा के नाम से जारी है

My name is Shashi Sharma, resident of 1/201, New Vidyadhar Nagar, Jaipur. This is to inform all, that my Class 10 marksheet (ICSE 1992) has been lost somewhere. Kindly return at given address if found.

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-1/TRUST/2025/138
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री अशोक कुमार जैन 52-देशभूषण नगर गलता गेट, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास भारतीय अभ्युत्थान समिति राजस्थान बी-15, भारती भवन एम आई रोड जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 25.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 30.05.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 23/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती निभिषा राणा पत्नि श्री भवदीप जंग राणा, निवासी फ्लेट नम्बर 302 आर्चिड रेजिडेंसी, मोती डूंगरी, अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत हिमालय शिक्षा समिति, सिल्वर ऑक स्कूल बिल्डिंग, अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.05.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 106/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री नवीन बहादुर पुत्र श्री टेक बहादुर निवासी 47 पार्क व्यू कॉलानी, हसनपुरा अजमेर रोड, जयपुर-302006 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री पशुपतिनाथ वेलफेयर सेवा समिति कार्यालय पता-47, पार्क व्यू कॉलोनी हसनपुरा अजमेर रोड, जयपुर 30206 के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.05.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 15/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री विकास सानी ने पंजीकृत प्रन्यास होप बास्केट फाउण्डेशन 46 ग्राउण्ड फ्लोर जी-2 लक्ष्मण प्रथ निवारू रोड, श्री रामपुरी कॉलोनी झोटवाडा जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 43 जयपुर 2